आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 07.04.2025 समय: 2.10 PM

## प्रधानमंत्री विश्व स्वास्थ्य दिवस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर एक स्वस्थ विश्व के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगी और लोगों की भलाई के विभिन्न पहलुओं में निवेश करेगी। एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि रिपोर्ट के अनुसार 2050 तक 44 करोड़ भारतीय मोटापे के शिकार होंगे। उन्होंने सभी से अपने भोजन में कम से कम 10 प्रतिशत तेल कम करने का आग्रह किया और व्यायाम को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीँ, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने आकाशवाणी के साथ विशेष बातचीत में देशवासियों से नमक, चीनी और तेल का कम इस्तेमाल करने का अनुरोध किया।

## आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज राज्य सेवा अधिकारियों के संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रशासन अकादमी में शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि राज्य सेवा के लिए चयनित अधिकारी पवित्र सेवाभाव, परिष्कृत मन-मस्तिष्क और प्राप्त शक्तियों का सदुपयोग करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

## मेडिकल-गरीब विद्यार्थी

जबलपुर हाई कोर्ट ने एक अहम फैसले में निजी मेडिकल कॉलेज में 2017 में लागू मुख्यमंत्री मेधावी छात्र योजना को संवैधानिक करार दिया है । चीफ जस्टिस सुरेश

कुमार कैत और जस्टिस विवेक जैन की खंडपीठ ने कहा कि इस योजना के तहत समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को मुफ्त में शासन द्वारा शिक्षा दिलाई जाती है तो उसे असंवैधानिक या अनुचित नहीं ठहराया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि नीट उत्तीर्ण गरीब परिवार के छात्रों के प्रवेश लेने के तीन माह के भीतर शासन उनकी पूरी वार्षिक फीस और शुल्क का संस्थान को भुगतान कर दें। गौरतलब है कि प्रदेश के निजी मेडिकल कॉलेजों की ओर से याचिका दायर कर राज्य सरकार की इस योजना को चुनौती दी गई थी।

प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत अब तक 32 लाख करोड़ रुपये से अधिक के 52 करोड़ से अधिक ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं। वित्तीय समावेशन को सुगम और उद्यमियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से गैर-कॉर्पोरेट, गैर-कृषि लघु और सूक्ष्म उद्यमों को दस लाख रुपये तक के जमानत-मुक्त ऋण प्रदान करने के लिए वर्ष 2015 में यह योजना शुरु की गई थी। लगभग 70 प्रतिशत मुद्रा ऋण महिला उद्यमियों ने लिए हैं, जिससे उनकी वित्तीय स्वतंत्रता बढ़ी है और लैंगिक समानता में योगदान मिला है।

समाचार संक्षेप में....

1. शिवपुरी जिले में कुपोषण कम करने के लिए 7वां पोषण पखवाड़ा कल से 22 अप्रैल तक मनाया जाएगा। इस दौरान स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने पर बल दिया जाएगा।

2. विदिशा जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने के लिए ग्राम चौपालों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ।

3. जबलपुर के मझौली के मोहनिया में आग से 12 लाख से अधिक कीमत की गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई।

4. छिंदवाड़ा में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंर्तगत छोटा तालाब के कुंड की साफ-सफाई एवं जल स्वच्छता का कार्य किया गया ।

5. राष्ट्रकवि दादा माखनलाल चतुर्वेदी की जयंती के अवसर पर नर्मदापुरम जिले के माखननगर में गौरव दिवस मनाया गया।

6. बैतूल में रामनवमी के अवसर पर जिला मुख्यालय पर भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकाली गई। और

7. नर्मदापुरम समेत जिले भर में गर्मी अपने तेवर दिखा रही है। दो दिन से तापमान 42 डिग्री पर पहुंच रहा है।

नमस्कार